[This question paper contains 6 printed pages.]

2076 *Your Roll No.* ....

LL.B. / III Term **D**

Paper LB-301 : CONSTITUTIONAL LAW – I

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 100*

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

टिप्पणी :– इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any **Five** *questions.*
All *questions carry equal marks.*

किन्हीं **पाँच** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
सभी *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. "Indian Constitution establishes a Federal Constitution with strong Central Government according to the requirements of time and circumstances."

Examine critically the above observation in the light of various provisions of Constitution and the decision of Supreme Court of India.

"भारत के संविधान ने समय तथा परिस्थितियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुदृढ़ केन्द्रीय सरकार सहित परिसंघीय संविधान की स्थापना की।"

संविधान के विभिन्न उपबन्धों तथा भारत के उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय को दृष्टि में रखते हुए उपर्युक्त टिप्पणी की समीक्षा कीजिए।

2. Discuss the validity of the following :

On destruction of some statues of particular religions preachers, communal riots spread in a state. Despite of various measures and help from the Union government, the State fails to curb the riots and control the law and order problem. Do President exercises his power under Article 356.

निम्नलिखित की विधिमान्यता का विवेचन कीजिए :

एक राज्य में किसी धर्म विशेष के प्रचारकों की प्रतिमाओं के विध्वंस पर साम्प्रदायिक दंगे भड़क उठे। विभिन्न उपायों के करने तथा संघ सरकार की सहायता के बावजूद राज्य उनपर काबू करने तथा विधि-व्यवस्था को नियंत्रण में करने में असफल रहा। राष्ट्रपति अनुच्छेद 356 के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हैं।

3. Discuss the following :

(a) Parliament power to cede away any part of Indian territory to foreign national.

(b) Residuary powers of legislation of Parliament.

निम्नलिखित का विवेचन कीजिए :

(क) संसद की विदेशी नागरिक को भारतीय राज्यक्षेत्र के किसी भाग को अध्यर्पित करने की शक्ति

(ख) संसद की विधायिका की अवशिष्ट शक्तियां

4. (a) "It is the Union Council of Ministers which takes decision relating to the administration of the affairs of the union and its decisions are binding on President." Critically examine the statement in the light of relevant provisions of the Constitution and judicial pronouncements.

(b) "It is essential to have a council of ministers even at a time when the House of the People has been dissolved." Discuss it in light of Constitutional provisions and judicial pronouncement.

(क) "केन्द्रीय मंत्रि-परिषद ही संघ के कार्य-कलाप के परिचालन के सम्बन्ध में निर्णय करता है तथा इसके विनिश्चय राष्ट्रपति के लिए

आबद्धकर होते हैं।" संविधान के सुसंगत उपबन्धों और न्यायिक उद्घोषणाओं को ध्यान में रखकर उक्त वक्तव्य की समीक्षा कीजिए।

(ख) "उस समय पर भी जब लोकसभा का विघटन हो गया है मंत्रि-परिषद् का मौजूद होना आवश्यक है।" संवैधानिक उपबन्धों तथा न्यायिक उद्घोषणाओं को दृष्टि में रखते हुए विवेचन कीजिए।

5. (a) Give a critical appraisal of the law relating to 'repuganancy' with the help of decided cases.

(b) Is the process of selection of an Additional judge and Permanent Judge to the High Court different ?

(क) विनिश्चित केसों की सहायता से 'विरूद्धता' सम्बन्धी विधि का समीक्षात्मक आँकलन कीजिए।

(ख) क्या उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और स्थायी न्यायाधीश के चयन की प्रक्रिया भिन्न है ?

6. (a) A state law banned the use of loud speakers after 10 p.m. in the interest of reducing noise pollution. Is this law valid ?

(b) Discuss the procedure for the appointment of Judges of Supreme Court of India.

(क) ध्वनि-प्रदूषण को कम करने के हित में एक राज्य विधि द्वारा 10 बजे रात्रि के बाद लाउड स्पीकरों के प्रयोग पर रोक लगा दी गई। क्या उक्त विधि विधिसम्मत है ?

(ख) भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति हेतु प्रक्रिया का विवेचन कीजिए।

7. (a) Can a convicted person for an offence be appointed as Chief Minister ?

(b) "Repeated promulgation of the same ordinance(s) was fraud on the Constitution." Critically discuss in the light of constitutional provisions and judicial pronouncements.

(क) क्या किसी अपराध के लिए सिद्धदोष व्यक्ति को मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है ?

(ख) "उसी अध्यादेश (उन्हीं अध्यादेशों) का बार-बार प्रख्यापन संविधान के साथ कपट है।" संवैधानिक उपबन्धों तथा न्यायिक उद्घोषणाओं को ध्यान में रखकर समीक्षात्मक विवेचन कीजिए।

8. Taxes of a compensatory nature and regulatory measures are outside the scope of Article 301 of the Constitution. Examine it critically bringing out the difference between compensatory tax and fee.

प्रतिकर-स्वरूपी कर तथा विनियामक उपाय संविधान के अनुच्छेद 301 की परिधि से बाहर हैं। प्रतिकर-स्वरूपी कर तथा शुल्क के बीच भिन्नता को स्पष्ट करते हुए इसकी समीक्षा कीजिए।